दिनांकः 01.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी–नई राष्ट्रीय खेल नीति को भी स्वीकृति।
- देशभर की अदालतों में लम्बित मुकदमों की संख्या में कमी लाने के लिए आज से 90 दिन का अभियान शुरू।
- राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द नहीं करने को लेकर हलफनामा पेश किया।
- पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी–धौलपुर के बाड़ी में सबसे ज्यादा 14 सेंटीमीटर पानी बरसा।

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए आज करीब एक लाख करोड़ रुपये की रोजगार–संबंधी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य अगले दो सालों में देश में साढे तीन करोड़ से अधिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से एक करोड 92 लाख लाभार्थी पहली बार नियुक्ति पाने वाले होंगे। यह योजना एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच की नौकरियों पर लागू होगी। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर आए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन 15 हजार रुपये तक मिलेगा। इसके जरिए मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

----------------

कैबिनेट ने एक लाख करोड़ रुपये के कोष के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार योजना को भी मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य देश के रिसर्च और डवलपमेंट के ईको सिस्टम को मजबूत करना है।
मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को भी स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि नई खेल नीति से खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिभाओं की पहचान और प्रशिक्षण पर जोर दिया जाएगा। इससे खेल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए भारत की मजबूत दावेदारी पेश की जा सकेगी।

-----------------

000

रेल यात्री सेवाओं के वन–स्टॉप समाधान के लिए आज रेल वन एप की शुरूआत की गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री वैष्णव ने बताया कि इस एप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट भी बुक करवा सकते हैं। इसके साथ ही ये एप रेल संबंधी पूछताछ, पीएनआर, यात्रा योजना, रेल मदद सेवाएं और भोजन की सुविधा एक ही जगह उपलब्ध करवाता है। केन्द्रीय मंत्री ने रेलवे अधिकारियों से कहा कि उन्हें यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए और इसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

000

देशभर की अदालतों में लम्बित मुकदमों की संख्या में कमी लाने के लिए आज से अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान 90 दिन तक चलेगा। इसके तहत मध्यस्थता से समाप्त किये जाने वाले मुकदमे चिन्हित किये जाएंगे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम शर्मा अत्री ने बताया कि इसके बाद चिन्हित किये गये मामलों को आपसी राजीनामे से निपटाया जाएगा।

---------------

000

आकाशवाणी महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने जिम्मेदार प्रसारण के साथ कार्यक्रमों को जीवंत और रुचिपूर्ण बनाने पर ज़ोर दिया है। उन्होंने आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुखों से नवाचार करने और हर पीढ़ी के लोगों को जोड़ने की बात कही। डॉ. पालीवाल आज जयपुर में प्रदेश के आकाशवाणी केंद्रों के कार्यक्रम प्रमुखों की दो दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक के समापन समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के ध्येय के साथ वर्षों से अपनी भूमिका निभा रहा है। महानिदेशक ने अधिकारियों से क्षेत्र में जाकर सजीव कार्यक्रम तैयार करने और ज्यादा से ज्यादा नई प्रतिभाओं को अवसर दिये जाने के निर्देश दिये।

000

राजस्थान पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कैबिनेट सब कमेटी की रिपोर्ट पेश करते हुए ये स्पष्ट किया। सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल राजेन्द्र प्रसाद ने ये रिपोर्ट अतिरिक्त हलफनामे के साथ पेश की। उन्होंने बताया कि कमेटी ने साफ तौर पर कहा है कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द नहीं की जाए। श्री प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी समिति की इस सिफारिश को मंजूर किया गया है। इस मामले की अंतिम सुनवाई 7 जुलाई को होगी।

000

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज नई दिल्ली में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान श्री दिलावर ने गौपालक लगाकर गायों को चराने के लिए ले जाने की पुरानी परम्परा फिर से शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हर साल लगभग पांच हजार लोग खुले में घूमने वाले गौवंश के कारण हादसों का शिकार होकर जान गंवाते हैं। वहीं 20 हजार से ज्यादा लोग घायल होते हैं। उन्होंने कहा कि वहीं खुले में घूमती गायें पॉलीथीन खाकर अकाल मौत का शिकार भी होती हैं। श्री दिलावर ने केन्द्रीय मंत्री से राज्य सरकार के पॉलीथीन के संग्रहण अभियान को नरेगा में अनुमति देने की भी मांग की।

000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज श्रीगंगानगर प्रवास पर रहे। उन्होंने अनूपगढ़ में पीएम श्री राजकीय बालिका विद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से व्यक्ति के समग्र विकास पर जोर दिया गया है।

--------------

000

प्रदेश में आज से स्टॉप डायरिया अभियान शुरू किया गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पांच साल से छोटे बच्चों में दस्त और उससे होने वाली जटिलताएं कई बार जानलेवा होती हैं। इसको रोकने के लिए ये अभियान महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान **''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान''** थीम पर विभिन्न विभागों के समन्वय से गतिविधियां होंगी। अभियान के तहत आशा सहयोगिनियों के माध्यम से घर—घर जाकर बच्चों को ओआरएस के पैकेट और ज़िंक की गोलियों का वितरण किया जाएगा।

000

पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में आज से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई। बारां, बूंदी, भीलवाड़ा और आस—पास के जिलों में एक—दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश दर्ज होने और जयपुर, भरतपुर तथा बीकानेर में कहीं—कहीं हल्की से मध्यम बरसात होने के आसार हैं। इस बीच, आज भी प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश हुई। करौली में आज दिनभर हल्की बारिश का दौर चला। वहीं राजधानी जयपुर और हनुमानगढ में कुछ देर रिमझिम बरसात हुई। श्रीगंगानगर जिले में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात से मौसम में ठंडक घुल गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि गजसिंहपुर, मुकलावा, ठेठार सहित कई स्थानों से बारिश के समाचार हैं।

-----------------

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटो में सबसे ज्यादा साढे 14 सेंटीमीटर बारिश धौलपुर के बाड़ी में हुई।

000

विदेशों में काम करने वाले भारतीय नागरिकों की ओर से देश में भेजे गए धन में बीते वित्तीय वर्ष में 14 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने ये आंकड़े जारी किये हैं। आरबीआई ने बताया है कि विदेशों में काम करने वाले भारतीयों ने वर्ष 2024–25 में रिकॉर्ड 129 दशमलव 4 अरब डॉलर की राशि भेजी है। दुनियाभर के कामगारों की ओर से अपने देश भेजी जाने वाली आमदनी के मामले में भारत सबसे ऊपर है। विदेशों में काम करने वाले भारतीय की संख्या 1 करोड़ 85 लाख हो गई है। खाड़ी देशों में ये आंकड़ा सबसे ज्यादा है।

000